<u>सूचना</u>

<u>‘हिंदी पखवाड़ा’ और ‘पर्यटन पर्व 2018’</u>

भारत का राजदूतावास नॉम पेन्ह ‘हिंदी पखवाड़ा’ के अवसर पर दिनांक **22 सितम्बर, 2018** को **अपरान्ह 3:30 बजे ‘हिंदी कविता गायन प्रतियोगिता’** का आयोजन दूतावास परिसर मे कर रहा है. भारतीय समुदाय के सभी सदस्य प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं. प्रतियोगिता का आयोजन दो श्रेणियों में किया जाएगा .

१. **बाल हिंदी कविता गायन प्रतियोगिता - 16 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए**

२. **वयस्क हिंदी कविता गायन प्रतियोगिता - 16 से 35 वर्ष तक वयस्कों के लिए**

2. **भारतीय पर्यटन मंत्रालय दिनांक 16 से 27 सितम्बर तक देश भर में ‘पर्यटन पर्व 2018’** का आयोजन कर रहा है. **‘पर्यटन पर्व’ का आयोजन <u>‘देखो अपना देश’</u> सन्देश का प्रचार प्रसार और विदेशों में स्थित भारतीयों को भारत के विभिन्न पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए प्रेरित करने के लिए किया जा रहा है.** हिंदी गायन प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को **‘देखो अपना देश’** विषय पर **<u>स्वरचित कविता पाठ</u>** के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. **ऐसे सभी प्रतिभागी जो ‘देखो अपना देश’ पर स्वरचित काव्य/कविता पाठ करेंगें उन्हें राजदूत महोदय द्वारा विशेष प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा.**

3. **इसी क्रम में सभी भारतीयों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे ‘पर्यटन पर्व 2018’ की अवधि (16 से 27 सितम्बर 2018) में भारत के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण करें. पर्यटन पर्व की अवधि में भारत की यात्रा करने वाले कंबोडिया निवासी भारतीयों को राजदूत महोदया द्वारा विशेष प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा.** उपरोक्त अवधि में भारत भ्रमण की सूचना, यात्रा के विवरण और पासपोर्ट और यात्रा टिकट की प्रतिलिपि के साथ दूतावास को ईमेल द्वारा itec.phnompenh@mea.gov.in पर भेजी जा सकती है.

4. हिंदी कविता गायन प्रतियोगिता में प्रत्येक श्रेणी में सर्वोत्तम गायन प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को राजदूत महोदया द्वारा प्रोत्साहन पुरस्कार / प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा. हिंदी कविता गायन में किसी भी आयु के व्यक्ति भाग ले सकते हैं, परन्तु प्रमाणपत्र/पुरस्कार केवल 35 वर्ष तक की आयु के प्रतिभागियों को ही उपरिलिखित दो श्रेणियों में प्रदान किया जाएगा. हिंदी कविता गायन प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों से निवेदन है कि वे संलग्न **पंजीकरण फॉर्म को भर कर दिनांक 21 सितम्बर 2018 तक ईमेल द्वारा itec.phnompenh@mea.gov.in पर भेज दें. प्रतिभागी पंजीकरण फॉर्म को दूतावास में भी जमा कर सकते हैं.** पंजीकरण फॉर्म की प्रति संलग्न है. फॉर्म जमा करने और किसी अतिरिक्त सूचना और/या स्पष्टीकरण के लिए श्री आदर्श कुमार मिश्र, अताशे (शिक्षा एवं संस्कृति) से ईमेल itec.phnompenh@mea.gov.in अथवा दूरभाष: 023 210 912 / 913 पर संपर्क करें.

******